लखावर हाई स्कूल मैदान में गोवर्धन पूजा पर हुई दंगल प्रतियोगिता

सांसद सुरेन्द्र यादव ने बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री पर बोला तीखा हमला, पूर्व सांसद जगदीश शर्मा ने कहा, लखावर गांव शिक्षा और खेल में रहा है अग्रणी

जहानाबाद। घोसी प्रखंड के लखावर हाई स्कूल मैदान में गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व सांसद जगदीश शर्मा एवं मखदुमपुर विधायक सूबेदार दास ने किया। इस मौके पर सांसद सुरेन्द्र यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। ऊंची बिरादरी के पोथी-पत्रा देखने वाले समाज को दो भागों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका यादव समाज पुरजोर विरोध करता है। सांसद ने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण की पूजा है और यादव समाज ने तय किया है कि यह दिवाली के ठीक दूसरे दिन मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने की कोशिशें सफल नहीं होंगी। राजनीतिक समीकरणों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में यादव और अन्य वर्गों का वोट अखिलेश यादव को मिलेगा, जबकि बिहार में यह वोट पूरी तरह लालू प्रसाद यादव के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर चुनाव में हेराफेरी और वोट चुराने का भी



आरोप लगाया। राजद सांसद यही नही रुके उन्होंने बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का नाम लेते हुए सांसद ने सवाल किया कि उन्हें हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने का अधिकार किसने दिया? उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे बयानों पर सत्ता पक्ष पूरी तरह मौन रहता है, जबकि विपक्ष के नेताओं पर तुरंत मुकदमा दर्ज कराया जाता है। वहीं, आरएसएस पर निशाना साधते हुए सुरेंद्र यादव ने कहा कि आजादी के आंदोलन में संघ का कोई योगदान नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज पाठ्यक्रम और इतिहास के पन्नों को बदलने का प्रयास किया जा रहा है ताकि आजादी की लड़ाई में अपनी भूमिका दिखाई जा सके और वंचित-शोषित वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने से रोका जा सके। वही इस अवसर पर पूर्व सांसद जगदीश शर्मा ने कहा कि दंगल प्रतियोगिता में अब कैरियर बनाने की संभावना बढ़ गई है। अनुशासन के साथ खेल में आगे बढ़ने पर इसमें भविष्य उज्जवल होगा। पूर्व सांसद ने कहा लखावर गांव ऐतिहासिक गांव है और इस गांव के लोग शिक्षा और खेल विशेष रूप में दंगल में शुरू से आगे रहे है।यहां के सूर्यमंदिर के इलाके में ख्याति रही है।उन्होंने लोगों से दंगल प्रतियोगिता को और समृद्ध करने पर बल दिया।पूर्व सांसद ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर संगीत रागी की अहीर जाति को लेकर की गई टिप्पणी पर भी निंदा की और कहा कि इस जाति का सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रहा है।

इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश दास, राजद नेता नगीना यादव, डॉ शशिरंजन उर्फ पप्पू यादव, जिला परिषद अध्यक्ष अभिषेक रंजन उर्फ सोनू राधे, नंदकिशोर यादव, मुज्जफर हुसैन राही, अनिल यादव, संजय यादव, धर्मपाल सिंह, प्रो दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, खेल प्रेमी और राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जोलहबीघा में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

काको, जहानाबाद। प्रखंड के जोलहबीघा गांव में सोमवार को पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न इलाकों से पहुंचे दर्जनों पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेच आजमाए और अपनी ताकत व हुनर का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक जुटे। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। आयोजन समिति के सदस्य एवं पूर्व सैनिक अवधेश कुमार ने बताया कि स्वर्गीय जानकी पहलवान की स्मृति में वर्ष 1974 से इस दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से यह परंपरा स्थगित थी। ग्रामीणों की पहल पर वर्ष 2025 में प्रतियोगिता को फिर से शुरू किया गया। इसके बाद से आयोजन की इस पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाले पहलवान को 3100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को 2100 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई।

1974 से स्वर्गीय जानकी पहलवान की स्मृति में होता रहा है आयोजन



आहर में डूबने से 55 वर्षीय किसान की मौत

मखदुमपुर। टेहटा थाना क्षेत्र के मीरा बीघा गांव निवासी रामप्रवेश यादव उम्र 55 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची टेहटा थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मीरा बीघा गांव निवासी राम प्रवेश यादव का शव मीराबीघा और कलानौर के बीच दिग्घी आहार में मिला है। ग्रामीण मृतक का शव देख हल्ला किये तो बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण पानी से शव को बाहर निकाला। लोगो ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसान अपने खेत पर फसल देखने गए होने और आहार के समीप सोच के लिए गए होने किसी तरह उनका पैर फिसल गया होगा और वे पानी मे डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

जल-जीवन-हरियाली अभियान की राज्यस्तरीय रैंकिंग में जहानाबाद को तीसरा स्थान

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष की



अध्यक्षता में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न अवयवों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान अवयव-2 के अंतर्गत सार्वजनिक जल संरक्षण संरचनाओं से संबंधित योजनाओं को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं, अवयव-3 एवं 4 के तहत सार्वजनिक कुओं के जीर्णोद्धार तथा कुओं एवं चापाकलों के किनारे सोख्ता निर्माण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु सभी नगर निकायों एवं जिला पंचायत राज शाखा को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही अवयव-7 के अंतर्गत भवनों में छत वर्षा जल संचयन योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह की जल-जीवन-हरियाली अभियान की राज्यस्तरीय रैंकिंग में जहानाबाद जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उप विकास आयुक्त ने इस उपलब्धि को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए सभी संबंधित विभागों को लक्ष्य आधारित एवं समन्वित तरीके से कार्य करने तथा आगामी माह में जिले की रैंकिंग में और सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

श्रीबिगहा-इब्राहिमपुर में गोवर्धन पूजा का विधायक ने किया उद्घाटन

पहलवानों ने दिखाया दमखम, मखदुमपुर के अवधेश कुमार ने मारी बाजी

रतनी, जहानाबाद। प्रखंड क्षेत्र के नोआवां पंचायत अंतर्गत श्रीबिगहा-इब्राहिमपुर खेल मैदान में सोमवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक राहुल कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन के दौरान विधायक ने कहा कि जैसे ही वह मैदान में पहुंचे, उसी समय प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का फोन आया। उन्होंने सबसे पहले जन्मदिन की बधाई दी। बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने उनके स्थान के बारे में पूछा तो विधायक ने बताया कि श्रीबिगहा-इब्राहिमपुर के इसी मैदान में चुनाव के दौरान उनकी सभा हुई थी। आज यहां दंगल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। इस दौरान क्षेत्र के अभिभावक उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं और युवा जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर दंगल प्रतियोगिता आयोजित करने की पुरानी परंपरा रही है। हालांकि, आधुनिकता के दौर में कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों की ओर से इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास सराहनीय है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता भी मजबूत होती है।



प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया। पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। स्थानीय पहलवानों ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में मखदुमपुर के पहलवान अवधेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, गोनवां के सत्यप्रकाश कुमार दूसरे तथा बाल्मीकि कुमार तीसरे स्थान पर रहे। आयोजन समिति की ओर से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को मेडल के साथ 1100 रुपये नकद, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को मेडल एवं 800 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दंगल प्रतियोगिता कमेटी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त शिक्षक प्रसिद्ध सिंह, रामनरेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कुमार, संजय यादव, पंचायत समिति सदस्य हरेराम यादव, बम यादव सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्नलिखित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नवत् हैं :-
1. AA/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो पहिया और तीन पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या** : COM-PARK-26-01, **ई-नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-BBU-FW-42-26-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय** : ई-नीलामी दिनांक 19.11.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।
AB/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : नवीनगर रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्सड वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या** : COM-PARK-26-01, **ई-नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-NBG-MX-63-26-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय** : ई-नीलामी दिनांक 19.11.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।
AC/1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या** : COM-PARK-26-01, **ई-नीलामी लॉट संख्या** : PARKING-DDU-DOS-RW-9-26-1, **ई-नीलामी की तिथि एवं समय** : ई-नीलामी दिनांक 19.11.2026 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी।
2. वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1293/डीडीयू/वा./ईएएन/26-27/56

भीषण सड़क हादसे में तीसरे छात्र की भी मौत

हुलासगंज, जहानाबाद। प्रखंड क्षेत्र के कंदौल गांव के समीप ऑटो और हार्वेस्टर के बीच हुई भीषण टक्कर



में तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौत की घटना के बाद इलाके में शोक और मातम का माहौल है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर एफएसएल (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) की टीम पहुंची और दुर्घटना से जुड़े साक्ष्यों को जुटाने की प्रक्रिया शुरू की। जानकारी के अनुसार, 7 नवंबर को इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र गया में सेमेस्टर की परीक्षा देकर ऑटो से वापस लौट रहे थे। ऑटो में नौ छात्र सवार थे। कंदौल गांव के समीप सड़क पर खड़े हार्वेस्टर के पिछले हिस्से से ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान तीन छात्रों की मौत की खबर सामने आई। मृतकों के रूप में मंजीत कुमार, सौरभ कुमार और आदित्य राज के नाम सामने आए हैं। कई अन्य छात्र भी घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल छात्रों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किए जाने की सूचना है। घटना के बाद एफएसएल टीम का घटनास्थल पर पहुंचना जांच के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीम दुर्घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य और जरूरी नमूने जुटाकर हादसे की परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है। जांच के जरिए यह स्पष्ट करने में मदद मिल सकती है कि ऑटो और हार्वेस्टर के बीच टक्कर किन परिस्थितियों में हुई तथा दुर्घटना के समय वाहनों की स्थिति क्या थी। हादसे के बाद एफएसएल टीम के पहुंचने से मामले की वैज्ञानिक जांच को गति मिलने की उम्मीद है। पुलिस

दवा क्रय में कथित अनियमितता के संबंध में प्रकाशित खबरों एवं प्रसारित वीडियो को लेकर स्पष्टीकरण

जहानाबाद। सिविल सर्जन कार्यालय में दवा एवं सामग्रियों के क्रय में कथित अनियमितता के संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रकाशित खबरों एवं प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति द्वारा मामले की विस्तृत जांच की गई। जांच समिति में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरीय कोषागार पदाधिकारी शामिल थे। अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच समिति द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन द्वारा प्रतिवेदित है कि सिविल सर्जन कार्यालय में दवा एवं सामग्रियों के क्रय हेतु निविदा प्रक्रिया में अनियमितता एवं निविदा की शर्तों में छेड़छाड़ संबंधी लगाए गए आरोप निराधार हैं। जांच समिति द्वारा संबंधित अभिलेखों, निविदा दस्तावेजों एवं संशोधन पत्रों की जांच में पाया गया कि निविदा प्रकाशन के पश्चात क्रय समिति द्वारा कोई संशोधन नहीं किया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार कुछ अवांछित कर्मियों द्वारा कूटनीति, बनावटी एवं फर्जी तरीके से सिविल सर्जन कार्यालय का फर्जी पत्र बनाकर निविदा में छेड़छाड़ का प्रयास किया गया था, जिसे सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। इस सम्बंध में यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण में क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं मगध प्रमंडल, गया जी द्वारा भी पूर्व में शिकायत की जांच की गई थी। उनके जांच प्रतिवेदन में भी दवा एवं सामग्रियों के क्रय से संबंधित आरोप निराधार पाए गए थे।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा प्रकाशन सूचना
खुली ई-निविदा सूचना सं. : **M-LS-SPJ-Ten-Mod-CabRed-2**
वर्मयाँई/लोको शेड/समस्तीपुर निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति की ओर से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क) कार्य का नाम एवं स्थान** : "Modification of CAB redundancy of 3-phase locomotives as per RDSO modification sheet no. RDSO/2014/EL/MS/435, Rev.0' Dated 06.06.2014 for 01 year.", **ख) अनुमानित लागत** : रू. 9,73,500/- (रू. नौ लाख तिहत्तर हजार पांच सौ मात्र (सभी लागू करों सहित)।, **ग) अग्रधन जो जमा करना है** : जीसीसी-2022 के अनुसार, टी.डी.सी. शून्य है और तत्काल निविदा के लिए बोली सुरक्षा (ईएमडी) की लागत Rs. 19,500/- (उन्नीस हजार पांच सौ रू. मात्र) होगी। ई-निविदा के संबंध में बोली सुरक्षा (ईएमडी) का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या www.ireps.gov.in पर भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए।, **घ) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 30.11.2026 अपराह्न 12:00 बजे तक।, 30.11.2026 अपराह्न 12:30 बजे।, **ङ) वेबसाइट का विवरण जहां ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है** : **www.ireps.gov.in**, अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।
वर्मयाँई, लोको शेड/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर
पीआर/1289/लोको शेड एसपीजे/यां./टी/26-27/40

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

